प्रेषक,                                                                                                   ई–मेल

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,
उ0प्र0, कानपुर।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय पालीटेक्निक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक–7654–7201 /ई–प्रशा0/एस0टी0पी0सी0 2024–25                                       दिनांकः 26 अप्रैल ,2024

विषयः– **वाधवानी फाउंडेशन के साथ प्राविधिक शिक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के द्वारा दिनांक 14.03.2024 को हस्ताक्षरित एम0ओ0यू0 के कम में संस्थानों के संकाय को प्रशिक्षण दिये जाने के संबंध में**

महोदय,

कृपया उर्पयुक्त विषयक संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के पत्रांक–548837/2024–89–1099/55/2024 दिनांक 26.04.2024 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उपरोक्त संबंध में अवगत कराना है कि शासन के संदर्भित पत्र में उल्लिखित है कि वाधवानी फाउंडेशन के साथ प्राविधिक शिक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता द्वारा दिनांक 14.03.2024 को हस्ताक्षरित एम0ओ0यू0 के कम में संस्थानों के संकायों को प्रशिक्षण दिये जाने के संबंध में समय सारिणि के अनुसार नामित फैकेल्टी को संबंधित प्रशिक्षण संस्थानों में पूवान्ह 9:00 बजे तक उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 20/21–04–2024 को प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के दौरान वाधवानी फाउण्डेशन द्वारा कतिपय समस्याओं के तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए उल्लिखित किया गया कि प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम अपेक्षानुसार अपने उद्धेश्य को पूर्ण नहीं कर सकी। शासन के संदर्भित पत्र दिनांक 26.04.2024 द्वारा पत्र में उल्लिखित कमियों का निराकरण अपने स्तर से शीघ्र कराया जाये जिससे आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल एवं सुचारू संचालन किया जा सके।

अतः शासन के संदर्भित पत्र में वर्णित समस्याओं के संबंध में निम्नवत निर्देशित किया जाता हैः–

1. प्रशिक्षण स्थलों पर इण्टरनेट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।
2. प्रशिक्षण हेतु नामित संकायों/प्रशिक्षणार्थियों को समय से उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जाये।
3. ऐसे प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाये जिन्हे आई0टी0 का बेसिक ज्ञान हो।
4. प्रशिक्षण हेतु ऐसे संकायों/प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण हेतु नामित न किया जाये जिनकी सेवानिवृत मे अल्प अवधि शेष हो।

कृपया उपरोक्त निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**( आशीष गुप्ता )**
प्रधानाचार्य (मु0)
कृते निदेशक, प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, कानपुर।

पृ0सं0–7202–06 /ई–प्रशा0/एस0टी0पी0सी0 2024–25                                       दिनांकः अप्रैल ,2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग को उनके संदंर्भित पत्र दिनांक 26.04.2024 के संबंध में।
2. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाली सम्बन्धित संस्थाओं को उपरोक्त निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

**( आशीष गुप्ता )**
प्रधानाचार्य (मु0)
कृते निदेशक, प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, कानपुर।

I/548837/2024

182

प्रेषक,

कुलदीप बाबू,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0 लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, कानपुर।
3. मिशन निदेशक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, अलीगंज लखनऊ।
4. कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ/एच0बी0टी0यू0, कानपुर, एम0एम0एम0यू0टी0, गोरखपुर।
5. समस्त निदेशक, शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थान, उ0प्र0।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 26 अप्रैल, 2024

विषय:- वाधवानी फाउंडेशन के साथ प्राविधिक शिक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के द्वारा दिनांक **14.03.2024** को हस्ताक्षरित एम0ओ0यू0 के क्रम में संस्थानों के संकाय को प्रशिक्षण दिये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-I/539469/2024, FileNo.-89-1099/55/2024, दिनांक 10.04.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से वाधवानी फाउंडेशन के साथ प्राविधिक शिक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के द्वारा दिनांक 14.03.2024 को हस्ताक्षरित एम0ओ0यू0 के क्रम में संस्थानों के संकायों को प्रशिक्षण दिये जाने के संबध में समय-सारिणी के अनुसार नामित फैकल्टी को संबंधित संस्थानों में पूर्वान्ह 09:00 बजे तक प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

2- अवगत कराना है कि दिनांक 20/21-04-2024 को प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के दौरान वाधवानी फाउंडेशन द्वारा कतिपय समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है:-

1. प्रशिक्षण स्थलों पर इन्टरनेट की समुचित व्यवस्था न होना।
2. संकायों/ प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति ससमय न होना।
3. कतिपय प्रशिक्षार्थियों को बेसिक आई0टी0 ज्ञान न होने के कारण उनके द्वारा स्मार्ट फोन के प्रयोग में उनकी असमर्थता के दृष्टिगत प्रशिक्षण उनके लिये उपयोगी नही रहा।
4. प्रशिक्षण हेतु कतिपय ऐसे संकायों को नामित किया गया जिनकी सेवानिवृत्ति में अल्प अवधि शेष है। इससे प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रशिक्षण में रूचि प्रदर्शित नही की गयी।

उपरोक्त समस्याओं के दृष्टिगत प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम अपेक्षानुरूप अपने उद्देश्य को पूर्ण नही कर सकी।

3- अत: इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त कमियों का निराकरण अपने स्तर से शीघ्र कराने का कष्ट करे, ताकि आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल एवं सुचारू संचालन किया जा सके।

भवदीय,

Digitally Signed by कुलदीप बाबू
Date: 26-04-2024 14:09:32
Reason: Approved

(कुलदीप बाबू)
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव,</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. श्री सुनील दहिया, वाधवानी फाउंडेशन, 7th फ्लोर, इरोस कारपोरेट टावर, ओपोजिट मेट्रो स्टेशन, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019 को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त सूचना के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कराने का कष्ट करें।
2. श्री नितिन झाम्बा, निदेशक(लर्नर सक्सेस), 7th फ्लोर, इरोस कारपोरेट टावर, ओपोजिट मेट्रो स्टेशन, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019, मोबाइल संख्या-09958221056।

3. प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1
4. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
(कुलदीप बाबू)
संयुक्त सचिव।